# तीन आवासीय कलस्टर के साथ विकसित होंगे हाईटेक उद्योग

## आईआईटीजीएनएल की तैयार डिजाइन में सबसे ज्यादा बायोटेक और फ्लैटेड फैक्टरी वाले उद्योगों को मिलेगी जगह

शशांक मिश्र

**ग्रेटर नोएडा।** एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप ग्रेनो (आईआईटीजीएनएल) में तीन आवासीय कलस्टर को बसाने की योजना है। हाईटेक फ्लैटेड फैक्टरी वाले उद्योगों को वरीयता पर रखने के साथ ही टाउनशिप में सभी सुविधाओं के लिए स्थान चिह्नित कर लिए गए हैं। आईआईटीजीएनएल की तैयार हुई डिजाइन में औद्योगिक सेटअप के साथ बिजनेस पैवेलियन, स्टार रेटेड होटलों के साथ ही खुदरा दुकानों को भी जगह दी जाएगी। इस टाउनशिप में सबसे ज्यादा बायोटेक और फ्लैटेड फैक्टरी वाले उद्योगों को वरीयता दी जाएगी। फिलहाल, इस टाउनशिप में फ्लोर एरिया रेशिया (एफएआर) और जमीन की कीमतें तय होने के बाद अब नए साल में इसे बसाने की कवायद तेज की जाएगी। ऐसे में ग्रेनो प्राधिकरण ने जमीन आवंटन सहित अन्य तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसके अलावा औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्र को भी चिह्नित कर लिया है।

दरअसल, आईआईटीजीएनएल में आवासीय क्लस्टरों की योजना तीन स्थानों पर बनाई गई है। इसमें टाउनशिप के मुख्य प्रवेश द्वार और 60 मीटर सेक्टर रोड के जंक्शन पर, केंद्रीय स्पाइन रोड के पश्चिमी किनारे और साइट के उत्तर-पश्चिमी कोने पर आवासीय क्षेत्र विकसित किया जाएगा। करीब 302 हेक्टेयर में विकसित होने वाली इस टाउनशिप में ग्रेनो के मास्टर प्लान के अनुसार ही उत्तर की ओर 80 मीटर चौड़ी सेक्टर रोड और पश्चिम की ओर 60 मीटर चौड़ी सेक्टर रोड प्रस्तावित है। औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए इस क्षेत्र में चार तरह के औद्योगिक क्षेत्र को शामिल किया गया है। सेक्टर की सड़कों पर फ्लैटेड उद्योगों की कम ऊंचाई वाली इमारतों को जगह दी जाएगी।

### मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब से भी होगा सीधा जुड़ाव

एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप का बोड़ाकी और दादरी में प्रस्तावित मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब से जुड़ा होगा। इसका सीधा लाभ यहां के औद्योगिक और रिहायशी क्षेत्र को होगा। इस टाउनशिप में एक दर्जन बड़ी कंपनियां अपना प्लांट लगा रही हैं। हायर इलेक्ट्रॉनिक्स, फॉर्मी मोबाइल, सत्कृति इंफोटेनमेंट, चेनफेंग (एलईडी कंपनी) और जे वर्ल्ड इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी कंपनियां भी इसी टाउनशिप में चल रही हैं।



| औद्योगिक और आवासीय क्षेत्र फीसदी में | |
|---|---|
| फ्लैटेड | 13.65 |
| बॉयोटेक उद्योग | 11.46 |
| हरित क्षेत्र | 15.40 |
| आवासीय क्षेत्र | 8.85 |

“ आईआईटीजीएनएल की तैयार हुई डिजाइन में औद्योगिक सेट-अप के साथ बिजनेस पैवेलियन, स्टार रेटेड होटलों के साथ ही खुदरा दुकानों को भी जगह दी जाएगी। इसी आधार पर जल्द ही आवासीय योजना के लिए ग्रुप हाउसिंग भूखंड के आवंटन की प्रक्रिया शुरू करेंगे। **-प्रेरणा सिंह, निदेशक, आईआईटीजीएनएल**